तापमान
अधिकतम 38.0 डिग्री
न्यूनतम 25.0 डिग्री

हरिभूमि
# वनांचल भूमि

रायपुर, शनिवार 20 अप्रैल 2024

11 मतदाताओं ने मतदान करने दिखाया उत्साह



11 कोण्टा विधानसभा में शांतिपूर्ण ढंग से 46.70 फ़ीसदी मतदान



[ बस्तर | दंतेवाड़ा | बीजापुर | सुकमा | कांकेर | कोण्डागांव | नारायणपुर ]

### खबर संक्षेप

### सेल्फी जोन में फोटोशूट कर सोशल मीडिया में किया वायरल







**बीजापुर।** बीजापुर जिले के पत्रकारों में उत्साह देखने को मिला। मतदान के पश्चात मतदान केन्द्र के सेल्फी जोन में फोटोशूट करा कर अपना फोटो सोशल मीडिया में वायरल कर सशक्त और मजबूत लोकतंत्र के लिए प्रत्येक वोट के महत्व के संदेश को जनमानस तक पहुंचाया गया। जिसमें पत्रकार पुष्पा रोकड़े, कमलेश्वर सिंह पैकरा, सिरोज विश्वकर्मा, सुनील मर्सकोले सहित विभिन्न पत्रकारों ने मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित किया।

### कलेक्टर ने बीजापुर, भैरमगढ़ एवं भोपालपटनम ब्लॉक के मतदान केन्द्रों का लिया जायजा

**बीजापुर।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अनुराग पाण्डेय ने सुबह 6 बजे बीजापुर, भैरमगढ़ एवं भोपालपटनम तहसील का दौरा कर मतदान केन्द्रों की स्थिति मतदान केन्द्रों में बुनियादी सुविधा इत्यादि का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने अपने मत देते मजबूत एवं सशक्त लोकतंत्र के लिए जिलेवासियों से मताधिकार का उपयोग करने की अपील की। उन्होंने आदर्श मतदान केन्द्र 165, 166 सहित संजय पारा बीजापुर के संगवारी मतदान केन्द्र, भैरमगढ़ एवं भोपालपटनम के विभिन्न मतदान केन्द्रों का अवलोकन किया।

## लोस चुनाव: ग्रामीणों की रही उत्साहपूर्ण भागीदारी, मतदान प्रक्रिया शांतिपूर्ण हुई सम्पन्न

# संवेदनशील क्षेत्र नीलावाया, पोटाली, बुरगुम से मतदान दलों की हेलीकॉप्टर से सकुशल वापसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

पुलिस रक्षित केन्द्र कारली में शुक्रवार को कुआकोंडा ब्लॉक के दूरस्थ एवं संवेदनशील माने जाने वाले मतदान केन्द्र-267 नीलावाया, मतदान केन्द्र- 269 पोटाली मतदान केन्द्र-268 बुरगुम में मतदान प्रक्रिया सम्पन्न कराने गये मतदान दलों की हेलीकॉप्टर से सकुशल वापसी हुई।

■ मतदान दलों ने जिला प्रशासन का शुक्रिया अदा किया

मुख्यालय पहुंचने पर बुरगुम मतदान केन्द्र के पीठासीन अधिकारी कमल कर्मकार ने इस क्षेत्र में मतदान कराये जाने के इस अनुभव को साझा करते हुए बताया कि आज प्रातः 7 बजे से मतदान प्रक्रिया प्रारंभ हुई। शुरूआती कुछ घंटों में मतदान की गति धीमी रही तत्पश्चात 11 बजे के बाद ग्रामीण मतदाताओं का हुजूम बढ़ गया और ग्रामीण मतदान करने के लिए उत्साहित दिखे। कुल मिलाकर मतदान संतोषजनक रहा। उनका यह भी कहना था ऐसे क्षेत्र के मतदाताओं का अपने मताधिकार का प्रयोग और भागीदारी लोकतंत्र में उनकी प्रगाढ़ आस्था को दर्शाता है और यह वाकया उनके लिए सदैव अविस्मरणीय रहेगा। इसके अलावा जिला प्रशासन द्वारा उनके ठहरने के उत्तम प्रबंध किए गए थे। दल को किसी भी प्रकार का नकारात्मक माहौल महसूस नहीं हुआ। इसके लिए वे प्रशासन को साधुवाद देते हैं। इसी प्रकार पोटाली के पीठासीन अधिकारी फुल कुमार झा ने भी प्रशासन को धन्यवाद देते हुए मतदान कार्य में किसी भी प्रकार की बाधा नहीं आने और मतदान प्रक्रिया शांतिपूर्ण निपटने की बात कही। ज्ञात हो कि विगत 17 अप्रैल को मतदान दलों की तीन टीम को उपरोक्त संवेदनशील मतदान केन्द्र हेलीकॉप्टर से रवाना किया गया था। इस दौरान मतदान दल के अन्य सदस्य मनोज कुमार कुंजाम, महेन्द्र कुमार नेगी, निखिल देवांगन, जगदीश नारायण, हेमन्त सिंग नेताम, गजेन्द्र सिंह ध्रुव, मुन्नालाल कश्यप उपस्थित रहे। इन पंक्तियों के लिखे जाने तक जिले के अन्य मतदान केन्द्रों से मतदान दलों की वापसी प्रारंभ हो चुकी है।






## कमिश्नर, आईजी, कलेक्टर व एसपी ने कतारबद्ध होकर डाला वोट





**जगदलपुर।** कमिश्नर श्याम धावड़े और आईजी सुंदरराज पी. ने 19 अप्रैल को शहर के शहीद भगतसिंह हाईस्कूल में स्थापित मतदान केन्द्र क्रमांक 75 में तथा कलेक्टर विजय दयाराम के. और एसपी शलभ सिन्हा ने भैरमगंज स्कूल स्थित मतदान केंद्र 104 में सपरिवार कतारबद्ध होकर अपने मताधिकार का उपयोग किया। इस दौरान उन्होंने आदर्श मतदान केंद्र परिसर में बनाये गए सेल्फी जोन में सेल्फी भी ली। वहीं मतदान करने के लिए मतदान केंद्र में पहुंचे मतदाताओं की हौसला-अफजाई की।

स्थानीय शहीद भगतसिंह उच्चतर माध्यमिक स्कूल पथरागुड़ा के परिसर में 4 मतदान केंद्रों मतदान केन्द्र क्रमांक 75, 76 तथा 146 एवं 148 को आदर्श मतदान केन्द्र बनाया गया है। जहां बस्तर की पारंपरिक लोक संस्कृति को रेखांकित किया गया है। घासफूस की झोपड़ी के साथ गौरसिंग पहने लोकनर्तक, ग्रामीण महिलाओं को



बखूबी प्रदर्शित किया गया है। इस आदर्श मतदान केन्द्र के सेल्फी बूथ में कमिश्नर बस्तर श्याम धावड़े, आईजी सुंदरराज पी. सहित कलेक्टर विजय दयाराम के., एसपी शलभ सिन्हा, सीईओ जिला पंचायत प्रकाश सर्वे, नगर निगम आयुक्त हरेश मंडावी तथा अन्य अधिकारियों ने मतदान के उपरांत एक साथ सेल्फी खिंचवाई। वहीं अन्य मतदाताओं को मताधिकार का उपयोग करने अभिप्रेरित किया।

### दिव्यांग एवं वयोवृद्ध मतदाताओं ने मतदान कर दिया संदेश

शहीद भगतसिंह स्कूल में स्थापित आदर्श मतदान केन्द्रों में दिव्यांग मतदाताओं के साथ ही वयोवृद्ध मतदाताओं ने अपने मताधिकार का उपयोग कर अन्य मतदाताओं को मतदान करने के लिए संदेश दिया। यहां के आदर्श मतदान केन्द्र क्रमांक 75 में हाउसिंग बोर्ड कालोनी निवासी 66 वर्षीय दिव्यांग बृजमोहन मेहरा तथा 56 वर्षीय दिव्यांग ममता ननकानी ने परिजनों के सहयोग से अपने मताधिकार का उपयोग किया। वहीं आदर्श मतदान केन्द्र क्रमांक 146 में 72 वर्षीय दिव्यांग शेख जुमन रिजवी ने अपनी पत्नी 68 वर्षीया शबीना बानो रिजवी के साथ मतदान कर अन्य मतदाताओं को मताधिकार का उपयोग अवश्य करने का संदेश दिया।

## पहले मतदान फिर विदाई नवविवाहिता का साहसिक निर्णय





**जगदलपुर।** आदिवासी बाहुल्य बस्तर जिले के दरभा विकासखंड के अंदरूनी गांव ढोढरेपाल की विमला का विवाह मतदान के एक दिन पूर्व 18 अप्रैल को हुआ। जब विदाई का समय आया तो नवविवाहिता ससुराल जाने से इनकार कर दिया।

■ मतदान के बाद ससुराल, सात फेरे लेने के बाद दूसरे दिन वोट देकर विदा हुई

दुल्हन के एकाएक इस निर्णय से माता-पिता के हाथ-पांव फूलने लगे। वही दूल्हा और उसके पिता भी सकते में आ गए। जब दुल्हन विधि-विधान और परम्परानुसार सात फेरे लेकर विवाह रस्म पूरा किया, तो फिर ससुराल जाने से क्यों मना कर रही है। दुल्हन विमला 3 वर्ष पहले 12 वीं पास हुई है ने कहा कि पहले मतदान करूंगी उसके बाद ससुराल जाऊंगी। अपनी पुत्री को मतदान को लेकर जागरुकता देख माता-पिता और वर पक्ष के लोगों ने राहत की सांस ली। दरभा ब्लॉक के महकपाल निवासी दुल्हा दशरत भण्डारी अपनी नई नवेली ▶▶| शेष पेज 10 पर

### दुल्हन के निर्णय का गांव में असर 88 फीसदी मतदान

दुल्हन के इस निर्णय का खासा असर हुआ और मतदान केंद्र में लगभग 88 फीसदी मतदान हुआ। इस बात की जानकारी देते देवी बेंजाम ने बताया गांव के मतदान केंद्र में कुल 495 मतदाता है, जिनमें 431 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

## किरंदुल के मुख्य नगरपालिका अधिकारी निलम्बित

**दंतेवाड़ा।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने प्रभारी मुख्य नगरपालिका अधिकारी, नगर पालिका परिषद किरन्दुल पीआर. कोर्राम को लोकसभा निर्वाचन-2024 के लिए लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 26 के द्वारा नगरीय निकाय क्षेत्र किरंदुल के अंतर्गत आने वाले 21 मतदान केन्द्रों में आवश्यक छायापानी, जलपान एवं अन्य व्यवस्था करने का दायित्व सौंपा गया था और राशि आबंटित किया जाकर यह अपेक्षा की गई थी कि सौंपे गये दायित्वों का निर्वहन करें। किन्तु कोर्राम के द्वारा उक्त सौंपे गए कार्य का निर्वहन न कर गंभीर लापरवाही बरती गई। यह कृत्य निर्वाचन जैसे महत्वपूर्ण एवं समय-सीमा के ▶▶| शेष पेज 10 पर

■ मतदान केन्द्रों में अव्यवस्था, कार्य में घोर लापरवाही

## पांच साल में ही धर्मकांटा हुआ कबाड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

संभागीय मुख्यालय स्थित कृषि उपज मंडी में व्यापारियों की सुविधा के लिए 5 लाख रुपए की लागत से लगभग ढाई दशक पूर्व 5-20 टन के उपज मापने के लिए धर्मकांटा बनाया गया था। धर्मकांटा बनने के 5 साल तक चला पर उसके बाद यह खराब हो गया, उसके बाद धर्मकांटा को सुधारने के लिए मंडी प्रशासन ने ध्यान नहीं दिया और अब तक धर्मकांटा कबाड़ बन गया। वहीं दूसरी ओर मंडी परिसर कोपागुड़ा में स्थानांतरित हो गई, जहां धर्मकांटा को नहीं ले गए। क्योंकि मंडी व्यापारी अपने उपज की तौल लेकर मंडी पहुंचते हैं। इसके चलते मंडी का धर्मकांटा पुराने परिसर में बेकार हो गया है।

■ ढाई दशक पूर्व 5 लाख की लागत से स्थापित किया गया था धर्मकांटा



### निर्देश पर होगी कार्रवाई

बस्तर संभाग मंडी बोर्ड के संयुक्त संचालक श्रीनिवास मंगम ने बताया कि जगदलपुर कृषि उपज मंडी के खराब धर्मकांटा की सूचना मुख्यालय को दी गई है। मुख्यालय के निर्देश पर कार्रवाई की जाएगी।

## दो बाइक की टक्कर, 3 घायलों में एक रायपुर रिफर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव

नेशनल हाइवे 30 जुगानी में गुरुवार की रात लगभग 7.30 बजे दो बाइक की टक्कर हो गई। इस दुर्घटना में तीन लोग गम्भीर रूप से घायल हो गए हैं।

जानकारी अनुसार कोंडागांव निवासी पीयूष देवांगन और प्रथमेश बाजपाई यह दोनों गुरुवार को निजी काम से फरसगांव आये हुए तो जो शाम बाइक में सवार होकर अपने घर कोंडागाव जा रहे थे। इसी दौरान इनकी अन्य बाइक से टक्कर हो गई। बाइक सवार ग्राम जुगानी निवासी अमल मजूमदार सहित तीनों घायल हो गए। जिन्हें उपचार हेतु तत्काल फरसगांव अस्पताल



लाया गया। अमल मजूमदार को सर और पैर में गम्भीर चोट आने से बेहतर उपचार के रायपुर अस्पताल रिफर किया गया है। वहीं पीयूष और प्रथमेश को भी गम्भीर चोटें आने के कारण कोण्डागांव जिला अस्पताल रिफर किया गया है।

## ठेकेदार ने किया अनुबंध, पर अब तक निर्माण कार्य शुरू नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर संभागीय मुख्यालय से राष्ट्रीय राजमार्ग के सुकमा रोड में केशलूर रेलवे क्रॉसिंग में आए दिन होने वाले दुर्घटनाओं को रोकने के लिए लोक निर्माण विभाग राष्ट्रीय राजमार्ग की ओर से आरओबी का निर्माण कार्य करने की तैयारी कर ली गई है। इसके लिए ठेकेदार ने आरओबी निर्माण कार्य के लिए अनुबंध ढाई महीने पूर्व किया। उसके बाद बोर का खनन किया, पर निर्माण कार्य शुरू नहीं किया। बताया जा रहा है कि केशलूर के पास रेलवे क्रॉसिंग और इसके आसपास आए दिन छोटी-बड़ी सड़क दुर्घटनाएं होती रहती हैं। इसके साथ ही कोंटा से जगदलपुर के रास्ते जाने और आने वाली यात्री और गुड्स ट्रेनों के गुजरने के दौरान

■ आरओबी के लिए ठेकेदार ने किया बोर, शीघ्र निर्माण शुरू करने की संभावना



क्रॉसिंग में हर दिन काफी समय लोगों का बरबाद होता है। दुर्घटनाओं को रोकने के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग विभाग की ओर से केशलूर के रेलवे क्रॉसिंग में 5 हेक्टेयर क्षेत्र में 1900 मीटर लंबा आरओबी और सड़क का निर्माण किया जाएगा। इसकी लागत लगभग 100 करोड़ रुपए बताई जा रही है। आरओबी होने से रेलवे फाटक में दुर्घटनाएं रोकने की संभावना रहेगी।

### शीघ्र होगा आरओबी का निर्माण

लोनिवि राष्ट्रीय राजमार्ग जगदलपुर संभाग के एसडीओ गंभीर सिंह शोरी ने बताया कि विभाग से ठेकेदार ने बोर खनन किया। अब शीघ्र ही आरओबी का निर्माण कार्य शुरू करने की संभावना है।

## उत्साह और उमंग के साथ मतदाताओं ने किया अपने मताधिकार का उपयोग

# कड़ी सुरक्षा के बीच बीजापुर में शांतिपूर्ण मतदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

लोकसभा आम निर्वाचन के तहत प्रथम चरण का मतदान बस्तर संसदीय क्षेत्र में आज सम्पन्न हुआ। संसदीय क्षेत्र बस्तर में शामिल विधानसभा बीजापुर-89 में मतदान की प्रक्रिया शांतिपूर्ण ढंग से पूरी हुई।

■ आदर्श मतदान केन्द्र रहा आकर्षण का केन्द्र

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अनुराग पाण्डेय के नेतृत्व में पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था के बीच मतदान सम्पन्न हुआ। चप्पे-चप्पे में केन्द्रीय रिजर्व बल एवं छत्तीसगढ़ पुलिस की तैनाती की गई थी। विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत 245 मतदान केन्द्रों के लिए रिजर्व दल सहित कुल 348 दलों में 1392 मतदान कर्मियों की नियुक्ति की गई थी। वहीं कुल 60 सेक्टर अधिकारी एवं 67 माइक्रो आब्जर्वर द्वारा मतदान कार्य सम्पन्न कराया गया। कुल दलों में 76 अतिसंवेदनशील क्षेत्रों के लिए मतदान दलों को हेलीकॉप्टर से तीन दिन पूर्व से मतदान केन्द्रों में भेजने की कार्रवाई की गई। महिला, दिव्यांग, युवा एवं आदर्श मतदान केन्द्र रहेगा आकर्षण का केन्द्र- लोकसभा आम निर्वाचन के मतदान हेतु जिले में कुल 10 संगवारी मतदान केन्द्र बनाया गया है जिसे केवल महिला कर्मियों द्वारा संचालित किया गया। जिसमें रालापल्ली 29, गोटाईगुड़ा 32, भैरमगढ़-1 में 41, भैरमगढ़ -2 में 144, बीजापुर 156, 158, 161, 165, 166 एवं 167 शामिल हैं। इसी तरह दिव्यांग कर्मियों द्वारा बीजापुर के मतदान केन्द्र क्रमांक 163 को दिव्यांग मतदान कर्मियों द्वारा संचालित की गई। जिले के कुल 5 मतदान केन्द्रों को युवाओं द्वारा संचालित किया जाएगा। जिसमें भोपालपटनम, भैरमगढ़ के 2-2 एवं बीजापुर तहसील के 1 मतदान केन्द्र शामिल है। इसी तरह 5 आदर्श मतदान केन्द्र बनाया गया है जो आकर्षण का केन्द्र रहा जिसमें गोटाईगुड़ा 32, भैरमगढ़ 141, बीजापुर-1 में 163, बीजापुर-2 में 165 एवं बीजापुर -3 में 166 शामिल है।



जलने के बाद
पुन :निर्माण सर्जरी
(रिकंस्ट्रक्शन)



कालड़ा बर्न एवं
प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
आर.के.सी.के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay Advt.

पाठक सूचना
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
जगदलपुर
मो. 7000061711, 8817958580, 9131893124
नारायणपुर
मो. 9407740955, 9131893124
कोण्डागांव
मो. 7000312486, 9131893124
सुकमा
मो. 9425260296, 9131893124
दंतेवाड़ा
मो. 9425592636, 9131893124
बीजापुर
मो. 9131893124

# मतदाताओं के मन भाया लोकसभा निर्वाचन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

जिले में 19 अप्रैल मतदान दिवस कई मायनों में मतदाताओं के स्मृति पटल पर अमिट तस्वीर छोड़ गई है। प्रशासन की मुस्तैदी और जिला निर्वाचन की स्वीप कार्यक्रम और आदर्श मतदान केन्द्र सहित जिले भर के मतदान केन्द्रों में उपलब्ध सुविधाओं की मतदाता सराहना कर रहे हैं। बुजुंग, दिव्यांग, गर्भवती माताओं एवं थर्ड जेंडर मतदाताओं को प्राथमिकता क्रम में रखते हुए जिला निर्वाचन की संवेदनशील पहल देखने को मिली। जिले में पांच आदर्श मतदान केन्द्रों को पच्चटद वोटवाटड की थीम पर तैयार किया गया जिसमें ताड़ी, छिंद एवं सल्फी की पत्तियों से केन्द्र को छांयादार एवं बांस शिल्प कला के माध्यम से बैठक व्यवस्था, तेज गर्मी से बचाव के लिए कूलर, मटके में शीतल पेयजल की सुविधा, स्वास्थ्य कर्मियों की ड्यूटी, दिव्यांग बुर्जुग मतदाताओं के लिए व्हील चेयर के अलावा सहायता के लिए एनएसएस, एनसीसी, स्काऊट गाइड एवं रेड क्रॉस वालेंटियर की व्यवस्था को मतदाताओं ने बहुत पसंद किया। जिले में इस पहल की प्रशंसा हो रही है। जिले में तमाम विपरीत परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए मतदान केन्द्रों में केंद्रीय सुरक्षा बल और पुलिस के जवानों की मुस्तैदी के बीच शांतिपूर्वक मतदान संपन्न किया गया।





### दिव्यांग रथ की रही महत्वपूर्ण भूमिका

दिव्यांग मतदाताओं को उनके मतदान केन्द्रों तक पहुंचने में दिव्यांग रथ की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### एनएसएस, एनसीसी, स्काउट गाइड, वालेंटियर बने दिव्यांग मतदाताओं के लिए सारथी

जिले के मतदान केन्द्रों से दिव्यांग मतदाताओं को व्हील चेयर के माध्यम से मतदान में सहयोग करते हुए एनएसएस, एनसीसी, स्काऊट गाइड, वालेंटियर नजर आए। लोकतंत्र के इस महापर्व में ये युवा अपनी जरूरतमंदों की सहायता कर अपनी सहभागिता निभा रहे थे।

### सेल्फी जोन में सेल्फी लेकर मतदाताओं ने सोशल मीडिया में किया शेयर

आदर्श मतदान केन्द्र सहित जिले के संगवारी मतदान केन्द्रों में सेल्फी जोन बनाए गये थे। सेल्फी जोन में मतदाताओं ने मतदान करने के पश्चात सेल्फी लेकर सोशल मीडिया में अपनी तस्वीरें शेयर की।










### पहले मतदान-फिर जलपान

मतदान केन्द्रों में गर्मी के देखते हुए सुबह से ही मतदाताओं का उत्साह देखने को मिला। खासकर महिलाओं ने सभी काम छोड़कर पहले मतदान करने कतार में दिखे। सुबह 6 बजे से कतारबद्ध मतदाताओं ने कहा पहले मतदान-फिर जलपान। शिशुवती महिलाएं गोद में बच्चा लिए कतार में खड़ी होकर जल्द मतदान करने को ही प्राथमिकता दी।

## खबर संक्षेप

### जिला जेल में योग शिविर का आयोजन

**धमतरी।** जिला जेल धमतरी में जिला आयुर्वेद अधिकारी धमतरी के निर्देशन में डॉ. रेवती नेताम, योग चिकित्सक एवं कुमारी श्रुष्टि मगर धमतरी द्वारा दिनांक 18 अप्रैल को जिला जेल में एक दिवसीय योग शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें जेल में परिरूद्ध 242 बंदियों को योग कराकर योग से होने वाले स्वास्थ्य लाभ एवं मानसिक तनाव व अवसाद से मुक्त करने के उपाय बताये गये। योग शिविर में जेल में पदस्थ नरेन्द्र कुमार डहरिया सहायक जेल अधीक्षक, दानीलाल साहू शिक्षक, मदनलाल साहू, मुख्य प्रहरी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

### आबकारी अमले ने जब्त किया 40 लीटर महुआ शराब

**धमतरी।** आबकारी अमला द्वारा नगरी के ग्राम फुटहामुडा जंगल में कार्यवाही करते हुए 40 लीटर महुआ शराब जप्त एवं लगभग 1000 किलो महुआ लाहन जप्त कर नष्ट किया गया। जिला आबकारी अधिकारी ने बताया कि अज्ञात आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम की धारा 34(2), 34(1) च के तहत कार्यवाही की गयी। इस अवसर पर आबकारी उप निरीक्षक निशांत साधु, अजय मारकण्डे,आबकारी प्रधान आरक्षक अनिल सिंह, आबकारी आरक्षक मुरली सोनी , राजेश यादव इत्यादि उपस्थित थे।

### अमलीडीह में ज्योत जंवारा विसर्जित

**कोर्रा(भखारा)।** चैत्र नवरात्र की समाप्ति पर अमलीडीह में ज्योत जंवारा का विसर्जन किया गया। ग्राम के सुख शांति के लिए ठाकुर देव की पूजा कर ज्योत जंवारा का तालाब में विसर्जन किया गया। इस अवसर पर ग्राम विकास समिति अध्यक्ष नीलमणि साहू, गुलाब राम साहू कोषाध्यक्ष, मेंघू राम सचिव, गुनेश्वर साहू संरक्षक, रोहित साहू, जितेन्द्र साहू पंच,लुदु राम साहू पुजारी एवं समस्त ग्रामवासी उपस्थित थे।

### अमलीडीह में रामनवमी की रही धूम

**कोर्रा(भखारा)।** ग्राम अमलीडीह में हिन्दू धर्म जागरण समिति एवं समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से धूमधाम से रामनवमी पर्व मनाया गया। गांव में आकर्षक शोभायात्रा निकाली गई। इस अवसर पर ग्राम विकास समिति अध्यक्ष नीलमणि साहू, छन्नू लाल साहू समाज अध्यक्ष,खामदेव पटेल, गोपीचंद साहू, खूबलाल साहू, सुरेश कुमार, अनुज कुमार, कामता प्रसाद, श्रवण कुमार, पुरुषोत्तम सर, थनवार साहू, गुलाप राम साहू कोषाध्यक्ष, जितेन्द्र साहू पंच, गुनेश्वर साहू संरक्षक, संतोष निर्मलकर उपस्थित थे।

### भखारा कोर्रा क्षेत्र में रामनवमी पर दीपदान

**कोर्रा(भखारा)।** कोर्रा क्षेत्र में भगवान श्रीरामचंद्र जी का जन्म उत्सव बड़े धूमधाम से मनाया गया। गांव गांव में संध्याकालीन भगवान श्री राम की रथ झांकी निकाली गई। लोग झूमते नाचते भजन गाते गांव गली मोहल्ले में भगवान श्रीराम के रथ को भ्रमण कराया गया। भगवा वस्त्र धारण किए हुए श्री राम, जय राम, जय जय श्री राम की जयकारा लगाते हुए गली भ्रमण किया गया। गांव में प्रभु श्री राम का जन्म उत्सव मना कर संध्याकालीन दीपदान किया गया। संध्याकालीन भजन कीर्तन रामायण रंगारंग कार्यक्रम, रामायण पाठ सुंदरकांड पाठ हनुमान चालीसा का पाठ सामूहिक गान का भी आयोजन किया गया।

पं. सुनील तिवारी गुजरा वाले बताते हैं कि चैत्र मास शुक्ल पक्ष नवमी तिथि को भगवान श्री राम का अवतरण हुआ था। भगवान विष्णु के सातवें अवतार के रूप में राजा दशरथ और माता कौशल्या के पुत्र के रूप में भगवान श्री राम का जन्म हमारे भारत देश के उत्तर प्रदेश राज्य अयोध्या में हुआ था। भगवान विष्णु जगत के कल्याण के लिए इस धरती पर प्रभु श्री राम के रूप में अवतरण लिए इसलिए इस दिन को पूरे भारत देश में ही नहीं पूरे विश्व में जन्मोत्सव के रूप में मनाया जाता है। हमारे हिंदू धर्म में प्रत्येक घर में भगवान श्री राम के चरित्र पर आधारित श्री राम चरित्र मानस का पठन-पाठन भी किया जाता है। प्रभु श्री राम ने मर्यादा की पथ पर चलकर हम सबको जीने की एक शिक्षा दे गए हैं।

# रामनवमी पर बाइक रैली निकाली व नगर को भगवा ध्वज से सजाया



हरिभूमि न्यूज ▶▶| चारामा

श्री राम जन्मोत्सव समिति एवं नगरवासियों के सहयोग से प्रतिवर्ष के भांति इस वर्ष भी नगर में रामनवमी के अवसर पर भव्य बाईक रैली निकाली गई। राम नवमीं पर समिति की ओर से पूरे नगर को भगवा ध्वज और बैनरों से सजाया गया। सुबह 10 बजे हनुमान जी की पूजा अर्चना और चालीसा का पाठ किया गया। भगवा ध्वज लेकर हनुमान मंदिर से भव्य बाईक रैली निकाली गई।

समिति द्वारा राम प्रसादी का वितरण किया गया। संध्याकालीन श्री राम स्तुति, हनुमान चालीसा पाठ के साथ रंग मंच से राम, लक्ष्मण और सीता के स्वरूप में बच्चों को रथ में सवार करके शोभा यात्रा नगर भ्रमण किया। जगह-जगह पर स्वागत में आरती, फूल बिछाकर एवं फटाके आतिशबाजी से किया गया। इस अवसर पर नगर के व्यापारी नवीन पटेल द्वारा पानी व्यवस्था, शीतल पेय की व्यवस्था किया गया। शांतिपूर्ण माहौल में नगर एवं क्षेत्र के शांति, समृद्धि, भाईचारे और राम युग का संदेश दिया गया। इस अवसर पर उत्तम साहू, टीकम तारम, ओम प्रकाश साहू, धीरेंद्र मिश्रा, गोपाल साहू, आशीष उईके, पप्पू लोहले, धर्मेंद्र साहू, सजल सिंहा, हेम साहू, बंटी सिन्हा, पवन राजपुर, देवेंद्र सिन्हा, युगल साहू, हित्तू नेताम, तरंग कुमेटी, सन्नी ठाकुर, तरुण ठाकुर, पुरषोत्तम सिन्हा, रूपेश देवांगन, भाषा अग्रवाल एवं समिति सदस्य व नगरवासी शामिल हुए।

# दो दशक बाद गुलजार हुआ पालनार, पोलिंग बूथ बनने के बाद अपनी बारी का इंतजार करते दिखे मतदाता







हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- दो दशक से नक्सलियों के कब्जे में था गांव, भाड़े की गाड़ी लेकर मत डालने पहुंचे ग्रामीण
- सुरक्षा कैम्प खुलने के बाद मतदाताओं में दिखा उत्साह

बीजापुर जिले का पालनार गांव पिछले दो दशक से नक्सलियों के कब्जे में था और यहां के लोग मत नहीं डालते थे लेकिन यहां नया कैम्प खुलने के बाद ऐसा पहली बार हुआ जब लोग भाड़े की गाड़ी लेकर मत देने पहुंचे और अपनी बारी का इंतजार करते रहे।

गौरतलब है कि बस्तर लोकसभा क्षेत्र के नक्सलियों के कब्जे में रहे कई गांवों में पहली बार वोटिंग हुई है। इससे पूर्व जहां मतदान करने पर नक्सलियों का खौफ होता था, वहीं इस बार भारी मतदान की खबर है। पिछले 20 वर्ष से पालनार गांव नक्सलियों के कब्जे में था लेकिन इस बार जब पोलिंग बूथ बना तो भाड़े की गाड़ियां लेकर वोट डालने पहुंचे ग्रामीण और अपना मत डाला। हम बात कर रहे है बीजापुर जिले के पालनार गांव की जहां के ग्रामीणों को पता चला कि गांव में वोटिंग होगी तो कोई पैदल चलकर तो कोई वाहनों में सवार होकर वोट डालने पहुंच गए और यह तभी सम्भव हो पाया जब यहां सुरक्षा बलों का कैम्प खुला है।

इससे पूर्व वर्ष 2005 में शुरू हुए सलवा जुडूम के बाद बस्तर में कई गांव खाली हो गए। नक्सलियों ने ऐसा कहर बरपाया कि ग्रामीणों को अपनी सम्पति, मवेशी, जमीन-जायदाद सब कुछ छोड़कर जान बचाकर भागना पड़ा। यहां के ग्रामीण शहर के आसपास के इलाकों या कैम्पों में रहने लगे। नक्सलियों के खौफ के कारण गांव वापस नहीं आए लेकिन अब दो दशक बाद जब गांव में सुरक्षा बलों का कैम्प खुला तो ग्रामीणों की आस फिर से जाग गई। इस लोकसभा चुनाव में पहली बार इस गांव में पोलिंग बूथ बनाकर यहीं वोटिंग कराने का प्रशासन ने बीड़ा उठाया और ये सफल भी हुआ। जब गांव के रहवासियों को इस बात की जानकारी मिली तो उनकी खुशी का ठिकाना नहीं रहा और वे शुक्रवार को पोलिंग बूथ में वोट डालने पहुंच गए। नक्सलगढ़ होने के कारण चप्पे-चप्पे पर जवानों का पहरा था। यहां मत देने ग्रामीणों की लंबी कतार लगी हुई थी। बड़ी संख्या में महिलाएं पेड़ के नीचे बैठकर अपनी बारी का इंतजार कर रही थी जिन्होंने वोट दे दिया वो अपनी उंगली पर लगे अमिट स्याही को दिखाकर बेहद उत्साहित दिख रही थी।

# रामनवमी पर सुर्खियों में रही मोदी की चाय

- सज गया है श्रीराम का दरबार, इसलिए देश के करोड़ों सनातनी कह रहे फिर एक बार मोदी सरकार : रंजना साहू

हरिभूमि न्यूज ▶▶|धमतरी

रामनवमी के भव्य शोभायात्रा में हज़ारों की संख्या में रामभक्त शामिल हुए। इस अवसर पर मोदी की चाय सबसे अधिक सुर्खियों में रही। जहाँ पूर्व विधायक रंजना साहू सहित भाजपाइयों द्वारा भक्तजनों को मोदी की चाय वितरित की गई। जिसे जनता ने भी सराहा और मोदी की चाय का लुत्फ लिया। इस अवसर पर पूर्व विधायक श्रीमती रंजना डीपेंद्र साहू ने कहा इस बार की रामनवमी विश्वभर के रामभक्तों के लिए सबसे खास है क्योंकि 500 वर्षों के संघर्ष के बाद अयोध्या में भव्य राम मंदिर का निर्माण हुआ और प्रभु की प्रतिमा विराजित की गई।

विश्व के करोड़ करोड़ रामभक्तों का भावनात्मक जुड़ाव श्री राम जी से है इसलिए प्रत्येक भक्त प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त कर रहा है। आज भाजपा कार्यकर्ताओं ने मोदी जी की चाय को भक्तों में वितरण कर उत्सव मनाया। वरिष्ठ भाजपा नेता प्रकाश गोलछा ने कहा चाय वाले प्रधानमंत्री ने देश में रामभक्तों की भावनाओं का विशेष ख्याल रखा है।

पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष निर्मल बरड़िया ने कहा न्याय, सत्य, नैतिकता और निष्ठा के अभूतपूर्व प्रतिमान स्थापित करने वाले मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम का व्यक्तित्व हम सभी के लिए सदैव अनुकरणीय है।

इस अवसर पर विधानसभा प्रभारी राजीव पांडे, भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष विजय साहू, पूर्व जनपद उपाध्यक्ष अवनेंद्र साहू, जय हिंदूजा, रितिका यादव,सुशीला तिवारी, राकेश चंदवानी, डिपेंद्र साहू, दिलीप पटेल, लता सोनी, सरोज देवांगन, देवेश अग्रवाल, रिक्की गनवानी, दौलत वाधवानी, पन्ना थवाईत, कपिल साहू, चिराग आथा, दीपक सोनकर, पवन गजपाल, अमित अग्रवाल, मनीष अशवानी सहित बड़ी संख्या में भाजपाई उपस्थित रहे।



### शोभायात्रा का भाजपाइयों ने किया स्वागत

रामनवमी पर धमतरी में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष अभी बड़े ही हर्षोल्लास के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसका रत्नाबांधा चौक पीडी नाला के पास भाजपा प्रदेश प्रवक्ता एवं पूर्व विधायक श्रीमती रंजना डीपेंद्र साहू सहित बड़ी संख्या में उपस्थित भाजपाइयों ने स्वागत किया। इस अवसर पर सैंकड़ों भाजपाईयों सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

# श्रीराम हास्पिटल में राम जन्मोत्सव मना



हरिभूमि न्यूज ▶▶|धमतरी

रूद्री रोड स्थित श्रीराम मल्टीस्पेशलिटी हास्पीटल में रामनवमी के अवसर पर बुधवार को विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सुबह 10 बजे सत्यनारायण की कथा, हवन, पूजन, श्रीराम का अभिषेक, श्रृंगार, 56 भोग, महाष्टमी, जन्मोत्सव पश्चात प्रसादी भंडारा का आयोजन किया गया। जिसमें अस्पताल के चिकित्सक, स्टाफ, मरीज एवं परिजनों ने प्रसाद ग्रहण किया। शाम को रामायण मंडली का कार्यक्रम हुआ जो देररात तक चला। इस अवसर पर हास्पीटल के डा.नवीन साहू, डा.गौरव साहू, डा.सौरव साहू, डा. नेहा साहू, डा.घनश्याम ससापारधी, डा. रश्मिलता साहू, डा.धारंग सोनी, उमेंद्र सिंह व मरीज तथा परिजन उपस्थित थे।

## पेज 9 के शेष...

### पहले मतदान फिर...

दुल्हन की बातों से हंसी खुशी हामी भरते रात अपने नव विवाहिता पत्नी के घर में रुकने का निर्णय लिया और बारातियों को वापस भेज दिया। शुक्रवार को इस बात की जानकारी ढोढरेपाल के भाजपा नेता देवी बेंजाम को मिली। ऐसा ही एक दूसरा मामला एरंडवाल गांव की दुल्हन का है जिसे घर से मतदान केंद्र ले जाकर मतदान कराया गया।

### किरंदुल के मुख्य...

कार्य के प्रति उदासीनता और घोर लापरवाही का द्योतक है, जो कि सिविल सेवा आचरण नियम के नियम 3 (क) एवं सिविल सेवा वर्गीकरण नियंत्रण नियम के नियम 9 (1) के तहत दंडनीय है। अतएव लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 20 क के जिले में निर्वाचन के संचालन एवं पर्यवेक्षण के निहित अधिकारों का प्रयोग करते हुए पीआर. कोर्राम को निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय एसडीएम कार्यालय बड़े बचेली नियत किया गया है।

# मतदाताओं ने मतदान करने दिखाया उत्साह

## मतदान केन्द्रों पर सुबह से कतार में खड़े नजर आये मतदाता









हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

लोकसभा निर्वाचन-2024 के तहत विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 88, दंतेवाड़ा संसदीय क्षेत्र क्रमांक-10 के मतदाताओं ने मतदान करने के लिए भारी उत्साह दिखाया। मतदान दिवस 19 अप्रैल को शहरी क्षेत्रों के साथ ही ग्रामीण इलाकों में भी मतदाताओं ने सुबह से मतदान केन्द्रों पर कतार लगाकर मतदान करने अपनी बारी की प्रतीक्षा करते नजर आये। इस बीच मतदान केन्द्रों में मतदान प्रक्रिया का निरीक्षण करने निकले कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मयंक चतुर्वेदी एवं पुलिस अधीक्षक गौरव राय ने दंतेवाड़ा जिले के ग्राम पंचायत चितालंका के बारसापारा मतदान केंद्र क्रमांक-83 में मतदान के लिए पहुंचे और अधिकारी द्वय ने कतार में लगकर मताधिकार का उपयोग किया। इसके साथ ही कलेक्टर एवं एसपी ने सेल्फी जोन में सेल्फी भी खिंचवाई। इसके अलावा कलेक्टर ने आम नागरिक से अधिक से अधिक संख्या में मताधिकार का उपयोग करने की अपील करते हुए कहा कि मतदान लोकतंत्र का पर्व है और हम जिस प्रकार दीपावली पर्व तथा होली पर्व पूरे उत्साह के साथ मनाते है। उसी उत्साह के साथ हमें मतदान को भी एक पर्व की तरह मनाते हुए बढ़ चढ़ कर भाग लेना चाहिए।

उल्लेखनीय है कि लोक सभा निर्वाचन के दौरान मतदान में समय 11 बजे की स्थिति तक केन्द्र-86 शासकीय प्राथमिक शाला टेकनार कुल मतदाता 686 (महिला 393 तथा पुरूष 293), में 189 तथा मतदान केन्द्र क्रमांक-92 शासकीय प्राथमिक शाला बालपेट कुल मतदाता 1197 (महिला 620 पुरुष 577) में 239 तथा आदर्श मतदान केन्द्र बालूद-3 मतदान केन्द्र-96 (महिला 281 पुरुष 197 ) में 350 वोट डाल चुके थे। इसके अलावा आदर्श मतदान केन्द्र दुगेली में मतदाताओं का ढोल नगाड़े, पारंपरिक खेल कुद, माटी शिल्प कलाकृति तथा मतदाताओं को ग्रीन प्लेनेटका संदेश देते हुए पौधा वितरण के माध्यम से मतदान कर रहे मतदाता का उत्साहवर्धन किया गया। साथ ही जिले के एक मात्र दिव्यांग मतदान केन्द्र 153 चितालूर में भी दिव्यांगजन मतदाताओं का उत्साह देखने लायक था। यहां पर भी दिव्यांग रथ के माध्यम से स्वयं सेवकों एवं मैदानी कर्मचारियों ने मतदाताओं को उनके घर से लाकर मतदान प्रक्रिया पूरी करवाई।

## कमिश्नर एवं आईजी ने नारायणपुर व चित्रकोट विस क्षेत्र के मतदान केन्द्रों का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- गर्मी के मद्देनजर छाया एवं पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित करने दिए निर्देश



कमिश्नर बस्तर श्याम धावड़े और आईजी बस्तर रेंज सुंदरराज पी. ने लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत 19 अप्रैल को बस्तर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में विभिन्न मतदान केन्द्रों पर मतदान स्थिति का जायजा लिया और शांतिपूर्ण एवं सुचारू ढंग से मतदान सम्पादित किये जाने के निर्देश मतदान दलों तथा सम्बन्धित अधिकारियों को दिए। वहीं मतदाताओं से रूबरू होकर उन्हें अपने मताधिकार का उपयोग करने के लिए उनका उत्साहवर्धन किया।

कमिश्नर बस्तर श्याम धावड़े और आईजी बस्तर सुंदरराज पी.ने नारायणपुर विधानसभा क्षेत्र के प्राथमिक शाला बड़े आमाबाल स्थित मतदान केन्द्र क्रमांक 198 का निरीक्षण कर यहां पर एक साथ महिला एवं पुरूष मतदाताओं की ज्यादा संख्या को देखते हुए बुजुर्ग एवं महिला मतदाताओं को पहले मतदान करवाने सहित मतदान प्रक्रिया को गति देने के निर्देश दिए। वहीं बुजुर्ग मतदाताओं के बैठने की व्यवस्था किये जाने कहा। साथ ही पेयजल की समुचित उपलब्धता सुनिश्चित किये जाने के निर्देश दिए। कमिश्नर और आईजी ने चित्रकोट विधानसभा क्षेत्र के माध्यमिक शाला छापर भानपुरी में स्थापित मतदान केन्द्र क्रमांक 58 तथा प्राथमिक शाला में स्थित मतदान केन्द्र क्रमांक 59 का जायजा लिया और दोनों मतदान केन्द्र में मतदाताओं की काफी ज्यादा संख्या को मद्देनजर रखते हुए मतदान केन्द्र क्रमांक 58 के लिए एक अतिरिक्त रिजर्व मतदान दल की व्यवस्था किये जाने के निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिए। साथ ही बुजुर्ग एवं महिला मतदाताओं को पहले मतदान करवाने के निर्देश दिए। वहीं गर्मी को देखते हुए मतदाताओं के लिए पेयजल की समुचित व्यवस्था किये जाने के निर्देश दिए।

## कलेक्टर ने मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर मतदान स्थिति का लिया जायजा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विजय दयाराम के. ने लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत मतदान दिवस में जगदलपुर विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर मतदान स्थिति का जायजा लिया और सुचारू ढंग से मतदान सम्पादित किये जाने के निर्देश सम्बन्धित मतदान दलों के अधिकारी-कर्मचारियों को दिए। इस दौरान उन्होंने भगत सिंह स्कूल, आड़ावाल स्कूल, अघनपुर स्कूल में स्थापित मतदान केंद्रों सहित प्राथमिक शाला डोंगरीपारा, पूर्व माध्यमिक शाला कंगोली, शांति नगर स्कूल, केवरामुंडा स्कूल, भीमराव अंबेडकर स्कूल में स्थित मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने मतदान केंद्रों में मतदान प्रक्रिया की गतिविधियों को गति देने के लिए प्रेरित किया।

साथ ही मतदाताओं की सुविधाओं का संज्ञान लिए और गर्मी को देखते हुए छाया एवं पेयजल सुविधाओं को सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण में पुलिस अधीक्षक शलभ सिन्हा, नगर निगम आयुक्त हरेश मंडावी भी उपस्थित थे।

## तृतीय लिंग मतदाताओं ने किया मतदान...



जगदलपुर। कोई भी मतदाता न छूटे के उद्देश्य से तृतीय लिंग समुदाय की भी भागीदारी बढ़ाने के लिए सामाजिक संस्था चेतना चाइल्ड एंड वूमेन वेलफेयर सोसायटी और समाज कल्याण विभाग ने लोकसभा चुनाव में तृतीय लिंग समुदाय को मतदान कराने प्रेरित किया। डायरेक्टर रेखा पारिया ने बताया इस बार तृतीय लिंग के लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस समुदाय के रिया, जैनी और जन्नत का कहना है कि 100 प्रतिशत मतदान में हमारी भूमिका भी महत्वपूर्ण है जितना आम जनता की है।

## खबर संक्षेप

### सामान्य प्रेक्षक और पुलिस प्रेक्षक ने मतदान केन्द्र का लिया जायजा



जगदलपुर। लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत भारत निर्वाचन आयोग द्वारा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 10 बस्तर (अजजा) के लिए नियुक्त सामान्य प्रेक्षक डॉ.जे.गणेशन और पुलिस प्रेक्षक रामकिशुन ने 19 अप्रैल को मतदान दिवस पर विभिन्न मतदान केन्द्रों का निरीक्षण कर मतदान स्थिति का जायजा लिया और सुचारू ढंग से मतदान सम्पादित किये जाने के निर्देश मतदान दलों तथा सम्बन्धित अधिकारियों को दिए।

### आदर्श पोलिंग बूथ में बस्तर संस्कृति की झलक



जगदलपुर। शहर के भगत सिंह स्कूल में आदर्श पोंलिग बूथ नगर निगम प्रशासन द्वारा स्थापित किया गया है जहां बस्तर संस्कृति की झलक से लोग प्रभावित हुए। जहां सेल्फी लेकर मतदाताओं ने आज के इस लोकतंत्र को पर्व में अपनी सहभागिता की याद को ताजा किया।

### सेवानिवृत्त सीएमएचओ को नहीं मिला दो वर्ष बाद भी इंक्रीमेंट



जगदलपुर। पूर्व सीएमएचओ को सेवानिवृत्ति के दो साल बाद भी इंक्रीमेंट एरियर का लाभ नहीं मिला है। भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ बस्तर संभाग के अध्यक्ष एवं राष्ट्रीय मंत्री रामनारायण ताटी ने जारी बयान में कहा कि डा. गिरीश चंद्र शर्मा सीएमएचओ दंतेवाड़ा के पद पर कार्य करते हुए जुलाई 2022 में सेवानिवृत्त हुए। सेवानिवृत्ति के समय पेंशन प्रकरण में जुलाई 2021 एवं जुलाई 2022 का दो वर्षो् का एक साथ दो वेतन वृद्धि जोड़ा तो गया, किंतु एरियर का भुगतान दो साल बाद भी नहीं किया गया। यदि 20 दिनों के भीतर वेतन वृद्धि का एरियर प्रदाय नही किया गया तो पेंशनर्स संघ कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी दंतेवाड़ा के समक्ष प्रदर्शन करने बाध्य होगा।

### निःशुल्क नेत्र शिविर कल

जगदलपुर। पूर्व सैनिक कल्याण संगठन ने जारी बयान में कहा है कि 21 अप्रैल को आर्मी के ईसीएचएस पॉलीक्लिनिक में निःशुल्क आखों का चेकअप किया जाएगा। शंकर नेत्रालय विशाखापटनम के नेत्र विशेषज्ञ दल आई कैंप में शामिल होंगे। पूर्व सैनिकों व उनके परिवार, शहर व ग्रामवासी निःशुल्क चेकअप करा सकते हैं। कैंप का आयोजन सुबह 8.30 से दोपहर 2.30 बजे तक होगा।

## भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने किया मतदान



**जगदलपुर।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव ने 19 अप्रैल को शहर के शांति नगर स्कूल के मतदान केंद्र में सपरिवार कतारबद्ध होकर मताधिकार का उपयोग किया। उन्होंने मतदान करने के लिए मतदान केंद्र में पहुंचे मतदाताओं का हौसला अफजाई की। उन्होंने बस्तर लोकसभा क्षेत्र के सभी मतदाताओं से लोकतंत्र के इस महापर्व में व्यापक सहभागिता निभाने का आग्रह किया।

## विधायक बघेल ने किया मतदान



**भोंड।** बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल ने विकास खण्ड बकावंड के गृह ग्राम पंचायत गिरोला में आज मतदान किया। इस अवसर पर विधायक बघेल ने कहा कि याद रहे, आपका एक-एक वोट भारत के लोकतंत्र और आने वाली पीढ़ियों का भविष्य तय करने जा रहा है। इसलिए बाहर निकलिए और पिछले 10 साल में देश की आत्मा को दिए गए जख्मों पर अपने वोट का मरहम लगाकर लोकतंत्र को मजबूत कीजिए। नफरत को हरा कर हर कोने में मोहब्बत की दुकान खोल दीजिए।

## दीपक बैज ने डाला वोट



जगदलपुर। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने अपनी पत्नी के साथ चित्रकोट विधानसभा के मतदान केन्द्र गढ़िया में मतदान किया।

## कलेक्टर ने की सहायता



जगदलपुर। जगदलपुर के मतदान केंद्र 103 में मतदान के लिए पहुंचे मतदाता 79 वर्षीय रविंद्र दास को लाइन में लगे कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विजय दयाराम के. ने सहायता की।

## पूर्व विधायक ने अपनी मां के साथ किया मतदान



जगदलपुर। शहर के वृंदावन कॉलोनी निवासी सोनीबाई बाफना (88) हर चुनाव की तरह लोकसभा चुनाव में भी अपने मताधिकार का प्रयोग किया। चलने में लाचार अपनी माता का सहारा बने पूर्व विधायक संतोष बाफना ने मां का हाथ पकड़ मतदान केंद्र तक लेकर आए। मतदान करने के बाद सोनीबाई ने प्रत्येक नागरिकों से इस लोकतंत्र के महापर्व में मतदान करने की अपील की।

## चिलचिलाती धूप में मतदाताओं की भीड़



**जगदलपुर।** धरमपुरा एलआईसी कार्यालय के आगे बने मतदान केंद्र में 400 से 500 मतदाता चिलचिलाती धूप में खड़े होकर वोट डालने का इंतजार करते रहे। एकमात्र टेंट लगा होने और मतदान का कार्य धीमी गति से चलने से लोगों को परेशानी हुई।

## विधायक ने किया मतदान



जगदलपुर। चित्रकोट विधायक विनायक गोयल अपने परिवार के साथ मतदान केन्द्र पहुंचकर मतदान किया। उन्होंने मतदान केन्द्र में उपस्थित ग्रामीणों से मेल-मुलाकात कर वोट देने की अपील की।

## कोण्टा विधानसभा में शांतिपूर्ण ढंग से 46.70 फ़ीसदी मतदान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्टा

लोकतंत्र के सबसे बड़े महापर्व लोकसभा चुनाव निर्वाचन की प्रक्रिया शांतिपूर्ण ढंग से कोण्टा विधानसभा क्षेत्र सुकमा जिला में संपन्न करा ली गई। एक ओर इस चुनाव को लेकर महिला एवं वयोवृद्ध मतदाताओं में उत्साह देखा गया तो वहीं दिव्यांग रथ से पोलिंग बुथ पहूंचे मतदाताओं में भी जिले में लोकतंत्र के महापर्व के प्रति अपार उत्साह दिखा।

सुबह से ही मतदाताओं की लम्बी-लम्बी कतार मतदान केन्द्रों के शहरी एवमं ग्रामीण इलाकों पर देखी गई। विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 90 कोण्टा के अतिसंवेदनशील क्षेत्र के ग्रामों में शांतिपूर्ण मतदान देखा गया । वही सुरक्षा के तौर पर सीआरपीएफ के जवान व अधिकारी जिला पुलिस के साथ चुनाव संपन्न कराने में लगे रहे। तथा भीषण गर्मी के चलते ग्रामीण वृद्धजनों को मदद करते दिखाई दिए। समाचार लिखे जाने तक कोण्टा विधानसभा क्षेत्र में 46.70 प्रतिशत मतदान की जानकारी मिल पाई ।

### एसपी ने पुष्प माला व गुलाब भेंट कर किया स्वागत

शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न करा कर जिला मुख्यालय सुकमा हेलीकॉप्टर से पहूंच रहें मतदान कर्मियों को एसपी किरण चव्हाण आला अधिकारियों के साथ वापसी हो रहे मतदान दलों को पुष्प माला पहनाते हुए गुलाब भेंट कर स्वागत किया।

## राम नवमी पर्व पर ग्राम इंजरम में मना कल्याण महोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा



सुकमा जिला अंतर्गत कोंटा मुख्यालय से 8 किलोमीटर दूर बसे इंजरम ग्राम में श्री राम नवमी के शुभ अवसर पर श्री सीतारामचंद्र स्वामी का कल्याण महोत्सव बड़े हर्षोल्लास से मनाया गया। महोत्सव में हिस्सा लेने बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित होकर प्रभु श्री राम का आशीर्वाद प्राप्त किए।

सुबह से ग्राम इंजराम के श्रद्धालु श्री राम नवमी को मनाने के लिए बड़े उत्साहित दिखाई दिए। सुबह 10 बजे से सीताराम चंद्र स्वामी का पालकी शोभा यात्रा निकाली गई, जो पूरे इंजराम के मुख्य मार्ग से होते हुए बटालियन 219 के मेन गेट के पास जैसे ही पहुंची, वहां पर तैनात पुलिस अधिकारी पालकी को अपने कंधों में लेकर जय श्री राम के जयकारों से पालकी को घुमाया गया। 11 बजे से सीताराम चंद्र स्वामी का विवाह (कल्याणम) महोत्सव सम्पन्न किया गया। दोपहर 1 बजे महा अन्नदान कार्यक्रम हुआ। जिसमें सैंकड़ों भक्त इस कार्यक्रम में शामिल होकर प्रभु श्री राम का आशीर्वाद प्राप्त किए। हिंदू धर्म में रामनवमी के दिन भगवान श्री राम की पूजा आराधना करने का बड़ा महत्व माना गया है। हर साल चैत्र नवरात्रि में शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि को रामनवमी का पर्व मनाया जाता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, इस तिथि को भगवान श्री राम का जन्म हुआ था। यह चैत्र नवरात्रि का आखिरी दिन होता है। इस दिन से ही चैत्र नवरात्रि का समापन होता है।

इस दिन मां सिद्धिदात्री, भगवान राम, माता सीता, लक्ष्मण जी और हनुमान जी की पूजा करने का विधान है। ऐसी मान्यता है कि ऐसा करने से जीवन के सभी कष्ट और दुखों से मुक्ति मिलती है। यहां ऐसी मान्यता है कि चैत्र माह की नवमी को भगवान राम और माता सीता का विवाह हुआ था। दक्षिण भारत के मंदिरों में इस दिन राम और सीता माता का विवाह आयोजन किया जाता है, इसे सीतारामचंद्र स्वामी कल्याणम के नाम से पुकारा जाता है। दक्षिण भारत में इस पर्व पर तेलंगाना के भद्राचलम स्थित श्रीराम मंदिर में कल्याण महोत्सवम होता है।

इंजरम ग्राम दक्षिणी क्षेत्र से जुड़े रहने तथा यहां के आदिवासी भाई तेलुगु समाज के रीति- रिवाज तथा उनसे नाता रखने के कारण उनके घरों में हर त्योहार, मुत्तालम्मा तल्ली कोलुपुलु (ग्राम देवता) तथा उनके घरों में विवाह जैसे उत्सव मनाते हैं। जो दक्षिणी रीति- रिवाज से ही सम्पन्न होता है। उसी प्रकार श्री रामनवमी को (प्रथम वर्ष) ग्राम इंजरम के पुजारी, पटेल, ग्राम के बुजुर्ग, माताएं बहन एवं युवा पीढ़ी ने श्री राम नवमी मनाने के लिए आर्थिक, मानसिक एवं शारीरिक रूप से श्री राम के प्रति आस्था को जगाने का काम किया।

विगत वर्षों तक त्योहारों में अपने-अपने परिवार के लोग जाकर नारियल चढ़ाकर पूजा-अर्चना किया करते थे। लेकिन इस वर्ष आध्यात्म से जुड़े श्रद्धालुओं के मार्ग दर्शन में ग्राम इंजरम वासियों के द्वारा इस वर्ष श्री राम नवमी के पावन अवसर पर विवाह (कल्याणम) महोत्सव को बड़े ही धूमधाम से मनाया गया है।

### कैसे पड़ा इंजरम का नाम

ग्राम इंजरम के पुजारी, पटेल व बुजुर्गों का कहना है कि जब जंगलों में अपने 14 वर्ष के वनवास के दौरान भगवान राम ने अयोध्या से लेकर भारत के दक्षिणी सिरे कन्याकुमारी तक की यात्रा की। अपनी यात्रा में भगवान राम ने इंजरम से लगा हुआ शबरी नदी में स्नान कर इंजरम में शिव की आराधना कर अपना समय बिताया। अगले दिन आंध्रप्रदेश के भद्राचलम की ओर निकल पड़े और गोदावरी तट पर बसे पर्णशाला (पंचवटी)में झोपड़ी बनाकर निवास करते रहे।

Online Booking : www.tripuryatra.com



# स्पेशल ट्रेन से 08 जून से 14 जून 2024 तक (07 दिन)

रायपुर (08:00), उसलापुर (10:30), शहडोल (14:00) से होकर

सबसे कम राशि पर

चलो बुलावा आया है माता ने बुलाया है...



जय माता दी

# माता वैष्णव देवी

## माता वैष्णव देवी, हरिद्वार, मथुरा वृंदावन (श्री कृष्ण जन्मभूमि)

स्लीपर मात्र 8,500/-

### स्पेशल ट्रेन की विशेष सुविधाएं

1. श्रद्धालुओं को ट्रेन बदलनी नहीं रहती, स्पेशल ट्रेन आपको पूरे धार्मिक स्थल का दर्शन करवा वापस आपके गंतव्य स्थल पर छोड़ेगी।
2. स्पेशल ट्रेन में कोई बाहरी यात्री सवार नहीं होते, स्पेशल ट्रेन हमारे श्रद्धालु गण के लिए ही बनी रहती है।
3. श्रद्धालुगण का लगेज ट्रेन पर ही रहती है ,खाली हाथ दर्शन को श्रद्धालुगण जाते हैं एवं बार-बार समान उतारना-चढ़ाना नहीं पड़ता।
4. छत्तीसगढ़ के सर्वश्रेष्ठ कुक के टीम से श्रद्धालुओं को घर जैसा स्वादिष्ट, लाजवाब भोजन नाश्ते की व्यवस्था रहती है।
5. अनुभवी मैनेजर/ गाइड पूरे यात्रा में श्रद्धालुओं के साथ रहेंगे।
6. सभी श्रद्धालुओं के ग्रुप को सीट एक साथ मिलती है।

राशि : स्लीपर 12,500/-, 3 एसी -20,500/-, 2 एसी -25,500/- ऑफर : राशि : स्लीपर 8,500/- 3 एसी-16,500/-, 2 एसी-21,500/- (+5% GST) 30 अप्रैल 2024 तक बुकिंग कराने पर

माता-पिता व स्वयं तीर्थ यात्रा कर जीवन धन्य करें साथ -साथ पुण्य का लाभ अर्जित करें।

सबसे कम राशि पर



स्लीपर मात्र 18,500/-

# चार धाम यात्रा

रायगढ़ (11.56), खरसिया (12.21), सक्ती (12.36), बाराद्वार (12.50), चांपा (13.15), जांजगीर नैला (13.26), अकलतरा (13.40), बिलासपुर जंक्शन (14.30), पेंड्रा रोड (16.15), भाटापारा ( 06.30), तिल्दा (06.53), रायपुर जंक्शन (07.40), दुर्ग (08.35), राजनांदगांव (08.59), डोंगरगढ़ (09.24), अनूपपुर जंक्शन (17.15)

## श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश

रिजर्वेशन कोच (14 दिन)
09 मई से 22 मई 2024
20 मई से 02 जून 2024
24 मई से 06 जून 2024
26 मई से 08 जून 2024
29 मई से 11 जून 2024
05 जून से 18 जून 2024
05 सितंबर से 18 सितंबर 2024
20 सितंबर से 03 अक्टूबर 2024

### चारधाम की विशेष सुविधा

1. रेलवे ट्रेन टिकट आने-जाने की सुविधा हरिद्वार तक। 2. हरिद्वार से 2/2 की 27 सीटर छोटी बस की सुविधा। 3. रात्रि विश्राम के लिए हॉटल / लॉज में ठहरने की उत्तम सुविधा। 4. सर्वश्रेष्ठ कुक द्वारा गरमा-गरम ताजा उत्तम नाश्ते व स्वादिष्ट रात्रि भोजन की उत्तम सुविधा व ट्रेन में लंच की व्यवस्था। 5. एक अनुभवी गाईड कम मैनेजर की सुविधा।

चारधाम यात्रा की इन्डीविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें- 8802411411

नोट : कृपया अंतिम दिनांक से पहले बुकिंग करवालें क्योंकि ट्रेन में वेटिंग लगने पर टिकिट नहीं मिल पाती है।

यात्रा पंजीयन अप्रैल में खुल गई है आपको यात्रा पंजीयन करवाना अनिवार्य है। अन्यथा आपका चार धाम यात्रा करना मुश्किल रहेगी।

स्लीपर 22,500/- , 3 एसी -32,500/-, 2 एसी - 38,500/- ऑफर : स्लीपर 18,500/- 3 एसी-27,500/-, 2 एसी-32,500/- (+5% GST) 25 अप्रैल 2024 तक बुकिंग कराने पर

# नेपाल विदेश यात्रा

स्लीपर मात्र 18,500/-

जनकपुर (सीता मईया जन्म स्थल) सीतामणी, वाराणसी (काशी विश्वनाथ), प्रयागराज (त्रिवेणी संगम), अयोध्या (राम जन्मभूमि), गोरखनाथ मंदिर, पशुपतिनाथ, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), माँ मनोकामना देवी, पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव, डेविड फाल, विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू (भोलेनाथ मंदिर, बुढानिलकंठ, सांघा) काठमांडू दरबार, भक्तपुर

रिजर्वेशन कोच (14 दिन)
09 मई से 22 मई 2024
06 जून से 19 जून 2024
25 जुलाई से 07 अगस्त 2024
22 अगस्त से 04 सितंबर 2024
12 सितंबर से 25 सितंबर 2024
10 अक्टूबर से 23 अक्टूबर 2024
28 नवंबर से 11 दिसंबर 2024
19 दिसंबर से 01 जनवरी 2025

राशि : 22,500/- रु., 3एसी-30,500/-, 2एसी-35,500/- | ऑफर : राशि : स्लीपर 18,500/- 3 एसी-27,500/-, 2 एसी-30,500/- (+5% GST) 30 अप्रैल 2024 तक बुकिंग कराने पर

# अमरनाथ यात्रा

स्लीपर मात्र 13,500/-

## बाबा अमरनाथ, माता वैष्णव देवी

नोट : आपको अमरनाथ का स्वयं मेडिकल व रजिस्ट्रेशन करवाना अनिवार्य है।

रिजर्वेशन कोच (11 दिन)
16 जुलाई से 26 जुलाई 2024
06 अगस्त से 16 अगस्त 2024

राशि : 18,500/- रु., 3एसी-25,100/-, 2एसी-30,500/- | ऑफर : राशि : स्लीपर 13,500/- 3 एसी-20,500/-, 2 एसी-25,500/- (+5% GST) 30 अप्रैल 2024 तक बुकिंग कराने पर

# 7 ज्योतिर्लिंग यात्रा

स्लीपर मात्र 16,500/-

श्री द्वारिकाधीश, श्री द्वारिकाभेट, श्री शिरडी सांई बाबा, श्री शनि सिंघनापुर, भीमाशंकर ज्योतिर्लिंग, घृष्णेश्वर ज्योतिर्लिंग, त्र्यम्बकेश्वर ज्योतिर्लिंग, नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, ओंकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, सोमनाथ ज्योतिर्लिंग

रिजर्वेशन कोच (11 दिन)
24 जुलाई से 03 अगस्त 2024
21 अगस्त से 31 अगस्त 2024
11 सितंबर से 21 सितंबर 2024
16 अक्टूबर से 26 अक्टूबर 2024
27 नवंबर से 07 दिसंबर 2024
25 दिसंबर से 04 जनवरी 2025

राशि : 20,500/- रु., 3एसी-28,100/-, 2एसी-32,500/- | ऑफर : राशि : स्लीपर 16,500/- 3 एसी-22,500/-, 2 एसी-28,500/- (+5% GST) 30 अप्रैल 2024 तक बुकिंग कराने पर

## स्पेशल ट्रेन से 14 अक्टूबर से 20 अक्टूबर 2024 तक (07 दिन)

# द्वारकाधीश धाम यात्रा

स्लीपर मात्र 8,500/-

श्री द्वारकाधीश, श्री द्वारकाभेट, श्री सोमनाथ, श्री नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, माउंट आबू / उज्जैन (महाकालेश्वर)

राशि : 12,500/- रु., 3एसी-20,100/-, 2एसी-25,500/- | ऑफर : राशि : स्लीपर 8,500/- 3 एसी-16,500/-, 2 एसी-21,500/- (+5% GST) 30 अप्रैल 2024 तक बुकिंग कराने पर

## स्पेशल ट्रेन से 21 दिसंबर से 31 दिसंबर 2024 (11 दिन)

नोट : तिरूपति बालाजी की व्हीआईपी टिकिट यात्रियों को स्वयं बुक करनी है।

# रामेश्वरम् धाम यात्रा

स्लीपर मात्र 16,500/-

श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, श्री कन्याकुमारी, मदुरै श्री मिनाक्षीदेवी

रिजर्वेशन कोच (10 दिन)
04 जून से 13 जून 2024
20 अगस्त से 29 अगस्त 2024
10 सितंबर से 19 सितंबर 2024
15 अक्टूबर से 24 अक्टूबर 2024

राशि : 22,500/- रु., 3एसी-30,500/-, 2एसी-35,500/- | ऑफर : राशि : स्लीपर 16,500/- 3 एसी-27,500/-, 2 एसी-30,500/- (+5% GST) 30 अप्रैल 2024 तक बुकिंग कराने पर

## स्पेशल ट्रेन से 13 सितंबर से 18 सितंबर 2024 तक (06 दिन)

# गंगा सागर यात्रा

स्लीपर मात्र 8,500/-

## गंगा सागर, जगन्नाथपुरी, माँ कामाख्या देवी

राशि : 13,500/- रु., 3एसी-21,100/-, 2एसी-26,500/- | ऑफर : राशि : स्लीपर 8,500/- 3 एसी-16,500/-, 2 एसी-21,500/- (+5% GST) 30 अप्रैल 2024 तक बुकिंग कराने पर

## स्पेशल ऑफर : किसी भी यात्रा में 25 टिकिट की बुकिंग कराने पर 1 टिकिट फ्री* 30 अप्रैल 2024 तक बुकिंग कराने पर

**सुविधाएं : यात्रा के दौरान -** 1. कफर्म रेल्वे टिकट आने-जाने की सुविधा। 2. स्टेशन से बाहर मंदिर तक जाने के लिए बस की सुविधा। 3. ब्रेकफास्ट व डिनर व ट्रेन में लंच की सुविधा। 4. लॉज व धर्मशाला में रूम में फैमलि वाईस ठहरने की सुविधा। 5. पूरे यात्रा में एक अनुभवी गाईड/ मैनेजर की सुविधा।

**नोट :** 1. यात्रा के दौरान नास्ते, भोजन व रहने के लिए लॉज/ धर्मशाला व मंदिर तक जाने के लिए नॉन एसी बस की व्यवस्था समिति द्वारा रहेगी। 2. एसी वाले यात्रियों के लिए नॉन एसी होटल व नॉन एसी बस की व्यवस्था रहती है। 3. यात्रा के दौरान ट्रेन से बाहर दोपहर के भोजन का व्यवस्था आपकी स्वयं की रहेगी। 4. केदारनाथ, यमुनोत्री की पालकी घोड़े, खच्चर, हेलिकाप्टर व नेपाल में मनोकामना दर्शन की रोपवे व मंदिर एंट्री फीस व तिरूपति बालाजी जी की व्हीआईपी दर्शन टिकिट फीस आपकी स्वयं की होगी।

**नियम एवं शर्तें :** 1. यात्रा कैंसल करने पर यात्रा की 15 दिन पूर्व पूर्ण राशि का निरस्तीकरण प्रभार 20 प्रतिशत लगेगा। यात्रा दिनांक के 15 दिन पूर्व 50 प्रतिशत, 7 दिन पूर्व 75 प्रतिशत पूर्ण राशि में कटौती की जाएगी व यात्रा दिनांक के 2 दिन पूर्व राशि वापसी नहीं हो पाएगी। 2. 20 प्रतिशत यात्रा के पूर्व राशि का रजिस्ट्रेशन राशि किसी परिस्थिति में भी वापसी योग्य नहीं है। 3. 5 वर्ष से 8 वर्ष के बड़ों की हॉफ राशि लगेगी व 8 वर्ष से ऊपर के यात्रियों की पूरी राशि लगेगी, हॉफ राशि वालों को सीट आबंटित नहीं की जाएगी। 4. 20 प्रतिशत रूपए देकर अपना रजिस्ट्रेशन करने के पश्चात शेष राशि यात्रा दिनांक के 1 महीने पूर्व जमा करना अनिवार्य है अयथा आपकी यात्रा कैंसल हो जावेगी। 5. समिति स्पेशल ट्रेन/ कोच के लिए रेलवे में आवेदन करेगी, परंतु किसी कारावश स्पेशल ट्रेन/ कोच रेल्वे से उपलब्ध नहीं हो पाती है तो उस स्थिति अनुसार आपको रिजर्वेशन कोच से यात्रा करनी रहेगी। सहमती पर ही बुकिंग करवायें। 6. एसी वाले भक्त जनों का स्पेशल ट्रेन व कोच में रामेश्वरम् यात्रा दिसंबर के अलावा सभी यात्रा में एसी यात्री कम होने के कारण रिजर्वेशन कोच में ही यात्रा करनी रहती है कृपया अपनी सहमति पर ही बुकिंग करवाएं। 7. कुल राशि पर 5 प्रतिशत जीएसटी अलग से लगेगा। 8. रिफंड करने की प्रक्रिया में 1 महीने का समय लगता है।

**नोट : कृपया www.tripuryatra.com से टूर प्रोग्राम (आईटनरी), नियम व शर्तो को पढ़ने के पश्चात ही अपनी सहमति पर बुकिंग करें।**

Jai Mata Di — Shree Tripur Tirth Yatra Samiti

Since-2007

# श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा

सेवा समिति

shree tripur tirth yatra

**समिति की उपलब्धियां -**
- पूर्व मुख्यमंत्री मा. श्री भूपेश बघेल जी के द्वारा सम्मानित समिति
- ZEE मध्य प्रदेश-छत्तीसगढ़, छत्तीसगढ़ शासन उपमुख्यमंत्री मा. श्री अरूण साव जी द्वारा सम्मानित समिति
- पूर्व मुख्यमंत्री मा. श्री डॉ. रमन सिंह जी के द्वारा सम्मानित समिति
- केन्द्र रेल मंत्री माननीय श्री अश्विन वैष्णव जी से सम्मानित समिति
- बंसल न्यूज चैनल द्वारा माननीय पूर्व राजस्व मंत्री श्री जयसिहं अग्रवाल जी द्वार सम्मानित समिति
- छत्तीसगढ़ राज्यपाल माननीया अनुसुइया उइके जी के द्वारा सम्मानित समिति
- महिला बाल विकास पूर्व मंत्री माननीया अनीला भेड़िया जी के द्वारा सम्मानित समिति
- जी न्यूज हिन्दुस्तान द्वारा आयोजित कार्यक्रम उड़ान में राष्ट्र स्तर पर मिला सम्मान
- मध्य भारत की सबसे विश्वसनीय सुप्रसिद्ध यात्रा करवाने वाली सेवा समिति
- आई.बी.सी. 24 द्वारा छत्तीसगढ़ के श्रवण कुमार की उपाधि से संबोधित
- न्यूज 18 छत्तीसगढ़ द्वारा बिजनेस एक्सिलेंट अवार्ड से सम्मानित
- नौ राज्यों छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, झारखण्ड, महाराष्ट्र, बिहार, उड़ीसा, दिल्ली, हरियाणा, पंजाब में सेवा देने वाली एकमात्र सेवा समिति
- सबसे कम राशि पर तीर्थ यात्रा कराने वाली एक मात्र सेवा समिति

संरक्षक श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति - श्री राजकिशोर प्रसाद - संरक्षक, महापौर- कोरबा, श्री सुरेन्द्र प्रताप जायसवाल-संरक्षक एवं विधि सलाहकार, श्री राहुल यादव - चेयरपर्सन- श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति, एम. डी. राहुल ट्रैवल्स, वन वे टैक्सी प्रा.लि., डॉ. साहिल यादव - डायरेक्टर राहुल ट्रैवल्स, वन वे टैक्सी प्रा.लि., श्रीमती रीना राय - कोषाध्यक्ष, श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति, श्री जयराज मिश्रा (रिलायबल सर्विस), श्री संतोष राठौर (पूर्व सभापति एवं एमआईसी सदस्य न.पा. नि. कोरबा), श्री निरंजन यादव (महासचिव छ.ग. प्रगतिशील यादव महासंघ), श्री जितेंद्र बहादुर यादव (छत्तीसगढ़ अध्यक्ष प्रगतिशील यादव महासंघ)(एस.एस. इण्डस्ट्रीज), श्री रजनीश भास्कर (एडवोकेट सुप्रीम कोर्ट), श्री तेजप्रताप सिंह (भिलाई) श्री कमल यादव (डायरेक्टर प्रतिभा इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग नया रायपुर), गणेश कुलदीप (अधिवक्ता)

**OFFICE ADDRESS** RAIPUR : D-36 Sector- 4, Kamal Vihar, Near Shree Venkatesh Hospital, KORBA : Shop No - 301, 302, 303 SS Plaza Power House Road , DELHI : Flate No.-217, Ground Floor, Dg-3 (Paryavaran Apartments), Vikaspuri, HARIDWAR : Nagaldham Ke Samne Bhupatwala Haridwar, HARYANA: Panghal Travels 65 Improvement Trust Market Bhiwani Haryana Near Hansi gate Bhiwani

**संपर्क करें :- 9165-411411 - 7247-411411 Online Booking : www.tripuryatra.com**